पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल श्रीमती आंनदीबेन पटेल ने भिक्षावृत्ति छोड़ चुके बच्चों के लिए उम्मीद संस्था द्वारा संचालित स्मार्ट क्लास का किया शुभारम्भ

स्मार्ट क्लास की वजह से विषय–वस्तु को समझाना बहुत आसान

महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम बन रही हैं आत्मनिर्भर

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 23 जनवरी, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आंनदीबेन पटेल ने आज चिनहट स्थित आश्रयग्रह में भिक्षावृत्ति छोड़ चुके बच्चों के लिए उम्मीद संस्था द्वारा संचालित स्मार्ट क्लास का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि मुझे अपार खुशी है कि विगत चार माह पूर्व राजभवन में आए इन बच्चों से किया मेरा वादा आज पूर्ण हुआ। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास की मदद से शिक्षा देना बहुत ही आसान है क्योंकि इसके माध्यम से बच्चे आसानी से चित्र और वीडियो द्वारा बहुत कुछ सीख पाते हैं।

राज्यपाल जी ने कहा कि भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों और उनके परिजनों को शिक्षा से जुड़ी तथा अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए लखनऊ नगर निगम द्वारा विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से चलाई जा रही स्मार्ट बस सेवा एक सराहनीय पहल है। मैं चाहती हूँ कि भिक्षावृत्ति के अलावा अगर कहीं कूड़ा बीनते, ढाबों या अन्य स्थानों पर काम करते हुए बच्चे पाये जाते हैं तो उनको भी शिक्षित किया जाना चाहिए।

राज्यपाल जी ने चिनहट क्षेत्र की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने तथा उनको व्यवसायिक गतिविधियों से जोड़े जाने की सराहना करते हुए बताया कि मैंने स्वयं प्रदेश के अनेक जिलों का भ्रमण कर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों को देखा है तथा हमारी महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा अपनी कमाई से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा–दीक्षा भी दे रही हैं।

लखनऊ नगर निगम के नगर आयुक्त श्री इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि लखनऊ शहर में भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों के पुनर्वास के लिए भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से चल रही स्माइल परियोजना का क्रियान्वयन लखनऊ नगर निगम और उम्मीद संस्था द्वारा किया जा रहा है तथा 100 से अधिक बच्चों तथा 150 व्यस्कों को भिक्षावृत्ति से हटाकर समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय सभासद श्री अरूण राय, उम्मीद संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती आराधना सिंह, उम्मीद संस्था के संस्थापक श्री बलबीर सिंह, लखनऊ उद्योग भारती के प्रतिनिधि मण्डल के श्री अरूण भाटिया, श्री सुमित मित्तल, श्री सरबजीत सिंह तथा श्री राजेन्द्र सिंह बग्गा सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं बच्चे उपस्थित थे।

––––

राम मनोहर त्रिपाठी,
सहायक निदेशक/
चन्द्र विजय वर्मा, सूचना अधिकारी
राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9453005360

शिक्षा की क्लास
"SMILE"
उम्मीद

शिक्षा की क्लास

Times Tables 7 to 12